मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
वल्लभ भवन मंत्रालय–462004
:: आदेश ::

क्रमांक 908/227/सी.सी./2021/अड़तीस :: मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग, मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 35–09/2020/ सी–2/दो, भोपाल दिनांक 17 नवम्बर, 2021 के द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। उक्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 की शैक्षणिक गतिविधियाँ 18 नवम्बर, 2021 से विद्यार्थियों की भौतिक रूप से 100% उपस्थिति के साथ प्रारंभ की जाती है।

भोपाल, दिनांक 18/11/2021

ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन किया जायेगा, ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन बन्द होगा। उक्त निर्देशों के परिपालन में 100% क्षमता के साथ पुस्तकालय एवं स्नातक/स्नातकोत्तर सभी कक्षाओं हेतु छात्रावास खोले जायेगे तथा मेस व्यवस्था की जायेगी।

कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों तथा छात्रावास में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र–छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ को वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना अनिवार्य होगा। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में प्रदेश के 45+ संवर्ग के एवं द्वितीय चरण में 18+ संवर्ग के नागरिकों को वैक्सीन लगवाने के निर्देश हैं। प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं जिनके द्वारा दोनो टीकें नहीं लगे हैं उन्हें दोनो टीके लगवाया जाए। जो विद्यार्थी दिनांक 18.11.2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किये है ऐसे विद्यार्थियों का वैक्सीनेशन न होने की स्थिति में भी महाविद्यालय आने की अनुमति होगी।

कोरोना (कोविड–19) के संक्रमण के बचाव हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

18-11-21
(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्र. 1376 /अकादमी/संबद्धता/2021
प्रतिलिपि :

भोपाल, दिनांक 22-11-2021

1– अध्यक्ष /प्राचार्य संबंधित महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
2– प्रमुख सचिव म.प्र. शासन उच्च शिक्षा मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
3– आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल।
4– उपकुलसचिव परीक्षा/गोपनीय विभाग बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
5– कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सचिव के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित
5– वेबसाईट प्रभारी, उपरोक्त अधिसूचना को बेबसाईट पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
6– संबंधित नस्ती।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल